Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 28-07-2006

Participants : Singh Dr. Raghuvansh Prasad

>

Title : Statement regarding status of implementation of recommendations in 9th Report of Standing Committee on Rural Development.

ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह) : अध्यक्ष महोदय, मैं लोक सभा बुलेटिन भाग- II दिनांक सितम्बर, 2004 के माध्यम से अध्यक्ष, लोक सभा के निर्देश 73ए के अनुसरण में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति की 9वीं रिपोर्ट (ग्रामीण विकास विभाग) (2005-06) (14 वीं लोक सभा) में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर यह वक्तव्य दे रहा हूं।

ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति की 9वीं रिपोर्ट (14वीं लोक सभा) दिनांक 20.4.2005 को लोक सभा में प्रस्तुत की गयी थी। यह रिपोर्ट र्वा 2005-06 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों की जांच से संबंधित है। समिति की रिपोर्ट में निहित सिफारिशों / अवलोकनों पर की गयी कार्रवाई रिपोर्ट ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति को 31.10.2005 को भेजी गयी थी।

उस रिपोर्ट में समिति ने 51 सिफारिशें की हैं जिन पर सरकार द्वारा कार्रवाई की जानी है। ये सिफारिशें मुख्यतः स्व-रोजगार एवं मजदूरी रोजगार के सृजन हेतु योजनाओं, ग्रामीण निर्धनों के लिए आवास हेतु प्रावधान, ग्रामीण सड़कों संबंधी मुद्दों और कार्यक्रमों के समुचित कार्यान्वयन, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी प्रशासन को सुदृढ़ करने हेतु सहायता, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान, मानव संसाधन विकास, स्वैच्छिक कार्यों को प्रोत्साहन आदि जैसी विशिट जानकारी से संबद्ध cé[p14]।

समिति द्वारा की गयी विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति मेरे वक्तव्य के साथ संलग्न अनुबंध में दी गयी है जिसे सदन के पटल पर रख दिया गया है। आपसे अनुरोध है कि कृपया इसे पढ़ा हुआ माना जाए।

---

*(Placed in Library, See No. LT 4522/2006)